DATE :- 17-11-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

GMRC • 4.09 करोड़ रुपये खर्च होंगे

बुलेट ट्रेन से मेट्रो को कनेक्ट करने को यूटिलिटी लाइन शिफ्ट करेंगे



ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो रेल को बुलेट ट्रेन के अंत्रोली स्टेशन से जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। सारोली से सूरत हाईस्पीड रेल (एचएसआर) स्टेशन तक प्रस्तावित 4.4 किमी लंबे मेट्रो विस्तार के रास्ते में आने वाली भूमिगत और अन्य यूटिलिटी लाइनों को हटाने या दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना है। इसके लिए गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (GMRC) ने 4.09 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है।

प्रस्तावित विस्तार में एलिवेटेड वायाडक्ट के साथ तीन नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। ऐसे में निर्माण क्षेत्र में आने वाली पानी की पाइपलाइन, ड्रेनेज, सीवरेज, बिजली और टेलीकॉम नेटवर्क जैसी सुविधाएं बाधा बन सकती हैं। इन्हें सुरक्षित तरीके से दूसरी जगह स्थानांतरित करने या इनके लिए वैकल्पिक रास्ता तैयार करने का काम किया जाएगा।

इससे मेट्रो निर्माण के दौरान मौजूदा सेवाओं को नुकसान पहुंचने और शहर के लोगों को पानी, बिजली या अन्य सुविधाओं से जुड़ी परेशानी होने की आशंका कम की जा सकेगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित एजेंसी को यूटिलिटी शिफ्टिंग और डायवर्जन का काम करना होगा।

निर्माण कार्य शुरू करने से पहले इन सुविधाओं को शिफ्ट करने की तैयारी

- **पानी की पाइपलाइन:** मेट्रो रेल के पिलर और स्टेशन निर्माण क्षेत्र में आने वाली पानी की पाइपलाइन।
- **ड्रेनेज लाइन:** बारिश के पानी की निकासी से जुड़ा नेटवर्क।
- **सीवरेज लाइन:** भूमिगत सीवेज पाइपलाइन और संबंधित कनेक्शन को हटाया जाएगा।
- **बिजली नेटवर्क:** भूमिगत या अन्य बिजली केबल और संबंधित सुविधाओं को हटाया जाएगा।
- **टेलीकॉम नेटवर्क:** इंटरनेट, टेलीफोन और अन्य संचार सेवाओं के केबल को हटाया जाएगा।